दिनांकः 27.12.2023
नौएडा

एन0एम0आर0सी0 बोर्ड ने सेक्टर–142 से बॉटनिकल गार्डन तक डी0पी0आर0 को मंजूरी दी

एन0एम0आर0सी0 ने आज अपनी 38वीं बोर्ड बैठक श्री जयदीप, ओ0एस0डी0 (यू0टी) और पदेन संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में सम्पादित। बोर्ड ने सेक्टर–142 से बॉटनिकल गार्डन तक डी0पी0आर0 को मंजूरी दे दी जिसकी अनुमानित लागत 2254.35 करोड़ है। जिसमें 8 नए स्टेशन (1. बॉटनिकल गार्डन 2. नौएडा सेक्टर–44 3. नौएडा कार्यालय 4. नौएडा सेक्टर–97 5. नौएडा सेक्टर–105 6. नौएडा सेक्टर– 108 7. नौएडा सेक्टर–93 8. पचशील बालक इन्टर कॉलेज) जिसकी अनुमानित लम्बाई 11.56 है। बोर्ड ने यह चर्चा कि यह परियोजना बेहतरीन मल्टीमॉडल एकीकरण प्रदान करेगा :

1. **मैजेंटा लाईन के माध्यम से आई0जी0आई0 हवाई अड्डा**

   दिल्ली मेट्रो की मैजेंटा लाईन की माध्यम से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (टर्मिनल–1) के लिए सुविधा जनक और परेशानी मुक्त सीधी कनेक्टिविटी।

2. **ब्लू लाइन के माध्यम से भारतीय रेलवे**

   भारतीय रेलवे स्टेशनों (जैसे नई दिल्ली, आनंद विहार) तक निर्बाध आवागमन।

3. **बॉटनिकल गार्डन बस स्टेड**

   यात्री बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन एक्वा लाईन और बसो (इंटर–सिटी / इंट्रा–सिटी) के बीच आसानी से इंटरचेंज कर सकते है।

यह परियोजना नौएडा–ग्रेटर नौएडा से दिल्ली की ओर तथा दिल्ली से नौएडा ग्रेंटर नौएडा की ओर यात्रा करने वाले सभी यात्रियों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसमें शुरूआती चरण में लगभग 80 हजार सवारियाँ आने की उम्मीद है यह परियोजना सेक्टर–44, 45, 97, 99, 100, 104, 105, 108, 93 को मेट्रो सुविधा प्रदान करेगी।

यात्रियों के लिए परियोजना के प्रमुख लाभों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने यह डी0पी0आर0 को यू0पी0 सरकार तथा भारत सरकार को अनुमोदन प्रेषित हेतु मंजूरी दे दी है।

लेकेश एम
प्रबन्ध निदेशक
नौएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि0